संख्या-17/2017/288/24-1-17-1373/2016

प्रेषक:

इन्द्रराज सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 30 मार्च, 2017**

विषय:- जनपद बाराबंकी का बाराबंकी शहर, मैनपुरी का मैनपुरी नगर, हमीरपुर का हमीरपुर नगर, महोबा का महोबा नगर, ललितपुर का ललितपुर नगर एवं जालौन का उरई नगर में विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था हेतु उपरिगामी विद्वुत लाइनों को भूमिगत कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 में अंशपूॅजी मद में वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक वित्त, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन लखनऊ के पत्र संख्या-93/मु0म0प्र0 (वित्त्)/वि0प्र0-2/आर0 (डी)/283/2015, दिनांक 06 फरवरी, 2017 एवं प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणांचल विद्वुत वितरण निगम लि0, आगरा के पत्र संख्या-2069/प्र0नि0/द0वि0वि0नि0लि0/आगरा/सा0प्र0, दिनांक 13 फरवरी, 2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को वितरण हानियों एवं विद्वुत चोरी को कम करने हेतु भूमिगत केबिल कार्य करने के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 में अंशपूॅजी मद में प्राविधानित धनराशि रूपये 375,00,00,000/-(रूपये तीन सौ पचहत्तर करोड मात्र) के सापेक्ष अवेशष धनराशि में से जनपद बाराबंकी का बाराबंकी शहर, मैनपुरी का मैनपुरी नगर, हमीरपुर का हमीरपुर नगर, महोबा का महोबा नगर, ललितपुर का ललितपुर नगर एवं जालौन का उरई नगर में विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था हेतु उपरिगामी विद्वुत लाइनों को भूमिगत कराये जाने हेतु धनराशि रूपये 107,52,94,860/- (रूपये एक सौ सात करोड़ बावन लाख चौरान्नबें हजार आठ सौ साठ मात्र) निम्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्नलिखित सारणी के अनुसार जनपदों में धनराशि स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति प्रदान करते है:-

http://shasanadesh.up.nic.in

क्रम सं0	जनपद का नाम	धनराशि (रूपये में)
1	बाराबंकी शहर	17,19,68,000/-
2	मैनपुरी नगर	18,51,46,000/-
3	हमीरपुर नगर	9,32,40,000/-
4	महोबा नगर	20,30,25,860/-
5	ललितपुर नगर	14,00,57,000/-
6	जालौन का उरई नगर	28,18,58,000/-
	योग-	107,52,94,860/-

2- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति उपलब्ध करायी जायेगी।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकता होने पर किया जायेगा।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13-जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

5- स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद/ लखनऊ और ऊर्जा विभाग/ वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

6- आयोजनागत मदों में स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग किसी भी दशा में आयोजनेत्तर मदों में नहीं किया जायेगा।

7- यह सुनिश्चित किया जाय कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्ही कार्यों के लिए हो जो संबंधित डिस्काम्स द्वारा अपरिहार्य रूप से कराये जाने हो तथा जिनकी तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त कर ली गयी हो।

8- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

9- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक "4801-बिजली परियोजनाओं पर पूॅजीगत परिव्यय-आयोजनागत-05-संचरण तथा वितरण-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-06-उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 को वितरण हानियों एवं विद्वुत चोरी को कम करने हेतु भूमिगत केबिल कार्य हेतु अंशपूॅजी-30-निवेश/ऋण" के नामे डाला जायेगा।

10- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10-यू0ओ0- 28 /दस-2017, दिनांक 28 मार्च, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-17/2017/288(1)/24-1-17, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्वुत वितरण निगम लि0, लखनऊ, उ0प्र0।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/राज्य योजना अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in